आकाशवाणी शिमला

17.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

बम धमकी

शिमला स्थित मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद राज्य सचिवालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और एहतियात के तौर पर बम डिस्पोजल टीम को मौके पर बुलाया गया है। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बताया कि दो अज्ञात ई–मेल प्राप्त हुई हैं जिसमें उपायुक्त कार्यालय मण्डी और शिमला में मुख्य सचिव कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में तलाशी ली जा रही है और कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। मुख्य सचिव ने कहा है कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है और ई–मेल भेजने वाले की जानकारी जुटाने में केन्द्रीय एजेंसियों का भी सहयोग लिया जाएगा।

सर्वोच्च न्यायालय–वक्फ

सर्वोच्च न्यायालय ने आज केंद्र सरकार के इस आश्वासन को दर्ज किया कि अगली सुनवाई तक वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के तहत वक्फ बोर्ड या केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने महाधिवक्ता तुषार मेहता के इस आश्वासन पर भी गौर किया कि मौजूदा वक्फ संपत्तियों की स्थिति फिलहाल अपरिवर्तित रहेंगी। न्यायालय ने वक्फ अधिनियम 1995 में हाल ही में किए गए संशोधनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने और रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं के समूह पर सात दिनों के भीतर केन्द्र को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। याचिकाओं की बड़ी संख्या के कारण पीठ ने याचिकाकर्ताओं से सुनवाई के लिए पांच प्रमुख मामलों की पहचान करने को कहा है। इस मामले की सुनवाई अब 5 मई को होगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर नेशनल हेराल्ड अखबार के जरिए हजारों करोड़ रूपए की सम्पत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। सिरमौर जिले के सराहां में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड को कांग्रेस पार्टी ने अपना ए.टी.एम. बना लिया है और ये कांग्रेस आलाकमान पर एक काला धब्बा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड के घोटाले में 6 सौ 61 करोड़ रूपए की अचल सम्पत्तियों को कब्जे में लेने के बाद कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को नोटिस जारी किया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड अखबार का हिमाचल से कोई लेना देना नहीं है लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने उसे विज्ञापन के रूप में करोड़ों रूपए दिए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि विज्ञापनों की आड़ में ये पैसा किसकी जेब में जा रहा है, कांग्रेस को इसका जवाब देना चाहिए।

## आम्बेडकर सम्मान

भाजपा का डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर सम्मान अभियान प्रदेश भर में जारी है। इसके तहत अनेक स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी के प्रदेश महासचिव बिहारी लाल शर्मा और प्रदेश मीडिया प्रभारी करण नंदा ने आज कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर अभियान के तहत घर–घर सम्पर्क योजना चलाई। करण नंदा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर का अपमान किया और सिर्फ चुनाव के दौरान ही उसे बाबा साहेब की याद आती है।

## मौसम

प्रदेश के अनेक स्थानों पर बीती रात तेज आंधी तूफान के बीच ओलावृष्टि व वर्षा हुई। तूफान के कारण अनेक जिलों में भारी नुकसान हुआ है। हमीरपुर जिले में बड़सर के मिनी सचिवालय के निकट एक झुग्गी बस्ती पर पेड़ गिरने से एक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई जबकि उसके पिता को गम्भीर चोटें आई हैं। इसके अलावा जिले में कई मकानों व गौशालाओं को भी क्षति पहुंची है। राजधानी शिमला में भी भारी तूफान के कारण अनेक स्थानों पर पेड़ गिरे और कुछ गाड़ियां भी इनकी चपेट में आई हैं। कुल्लू जिले के सैंज इलाके में तेज हवाओं से लोगों के घरों की छतें उड़ गयीं और फलदार पौधों को भी नुकसान पहुंचा है। कुछ क्षेत्रों में बिजली की लाईनों पर भी पेड़ गिरने की घटनाएं हुई हैं और बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी तूफान के साथ ओलावृष्टि व भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————